**अति महत्वपूर्ण**

फा. सं. 12011/01/2022-रा.भा.ए.

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

(उच्चतर शिक्षा विभाग)

***

कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली

दिनांक : 19 अगस्त, 2026

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : हिंदी माह-2026 के दौरान शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ सभी विश्वविद्यालयों, संस्थाओं, बोर्डों, परिषदों आदि को माननीय शिक्षा मंत्री जी का संदेश प्रेषित करने के संबंध में।**

शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ सभी संगठनों/संस्थानों आदि को माननीय मंत्री जी का संदेश इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया जाता है कि वे अपने-अपने संस्थान/संगठन आदि में मनाए जाने वाले हिंदी माह-2026 के दौरान हिंदी दिवस को अपने कार्मिकों के बीच इस संदेश को पढ़ें और इसे परिचालित करवाएं।

संलग्नक : माननीय मंत्री जी का संदेश।

सेवा में,

शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ सभी विश्वविद्यालयों, संस्थाओं, बोर्डों, परिषदों आदि के प्रमुख।

ह0/-

(अजय कुमार झा)

उप निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

संयुक्त सचिव(राजभाषा एवं प्रशासन)

19/08/2026

(अजय कुमार झा)


उप निदेशक (राजभाषा)

दूरभाष : 011-24014912

प्रल्हाद जोशी
PRALHAD JOSHI
ಪ್ರಲ್ಹಾದ ಜೋಶಿ

सत्यमेव जयते

शिक्षा, उपभोक्ता मामले,
खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF EDUCATION, CONSUMER AFFAIRS,
FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION AND
NEW & RENEWABLE ENERGY
GOVERNMENT OF INDIA

## संदेश

हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय अस्मिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसे ध्यान में रखते हुए ही भारतीय संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को एक उन्नत, समृद्ध और लोकप्रिय भाषा हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारत की विविधता को एकता के सूत्र में जोड़ने वाली भाषा है। इसकी सरलता, व्यापकता और आत्मीयता इसे शासन, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा जनसंपर्क का प्रभावी माध्यम बनाती है।

आज जब भारत 'विकसित भारत–2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है, तब हिंदी सहित भारतीय भाषाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। हिंदी में कार्य करना केवल संवैधानिक दायित्व का निर्वहन नहीं, बल्कि अपनी भाषायी विरासत के प्रति सम्मान, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है।

हिंदी दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम हिंदी को केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक कार्य-व्यवहार का स्वाभाविक माध्यम बनाएँ। सरल, सहज और प्रभावी हिंदी के प्रयोग से प्रशासन अधिक पारदर्शी, जनहितकारी और उत्तरदायी बनता है। साथ ही, शिक्षा, शोध, नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी के व्यापक उपयोग से ज्ञान को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का काम और अधिक सुदृढ़ होगा।

मुझे विश्वास है कि शिक्षा मंत्रालय तथा इसके सभी संबद्ध कार्यालयों, संस्थानों, संगठनों और विश्वविद्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ाने, राजभाषा संबंधी प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन तथा हिंदी दिवस एवं हिंदी माह के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर इस राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

आइए, हम सब मिलकर हिंदी को ज्ञान, नवाचार, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प की सशक्त भाषा बनाएँ। यही हिंदी दिवस की सच्ची सार्थकता होगी।

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिन्द !

प्र. वें. जोशी

(प्रल्हाद जोशी)


MoE - Room No. 21106, 1st Floor, Kartavya Bhavan-2, New Delhi-110001, Phone: 91-11-24015222, 24015290
E-mail: minister.sm@gov.in
Residence: 11, Akbar Road, New Delhi-110001, Tel.: 011-23014097, 23094098
Office of MP Dharwad: Chitaguppi Hospital Compound, Sir Siddappa Kambli Marg, Hubballi-580020 (Karnataka)
Tel.: 0836-2251055, 2258955, Email: pralhadvjoshi@gmail.com, officeofpralhadjoshiji@gmail.com